# जिला अस्पताल में 4 लैब टेक्नीशियन के भरोसे औसतन एक हजार जांचें

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 22 दिसंबर. जिला अस्पताल में लैब टैक्नीशियनों की कमी बनी हुई है। इंटीग्रेटेड पब्लिक हैल्थ लैब (आईपीएचएल) में वैसे 11 लैब टैक्निशियन होने चाहिए, लेकिन जिला अस्पताल में संविदा सहित 7 लैब टैक्निशियन है।**

**तबादला होने के बाद नहीं मिले टेक्नीशियन**

**रेडियोलॉजिस्ट की भी पदस्थापना नहीं**

जिनमें 3 ब्लड बैंक में और 4 पैथोलॉजी लैब में कार्य कर रहे हैं। पिछले दिनों यहां से कुछ लैब टैक्निशियन का तबादला हो गया। उनके बदले जिला अस्पताल में कोई पदस्थ नहीं हुआ है। पैथोलॉजी लैब में मौजूद चार टैक्नीशियनों में से सुबह और दोपहर में 2-2 लैब टैक्निशियन ड्यूटी कर रहे है। रात्रि के समय पियोसिटी साइंस द्वारा मशीनें ऑपरेट करने भेजे गए कर्मचारियों के भरोसे ही पैथालॉजी लैब रहती है। वहीं चार लैब टेक्निशियन ही प्रतिदिन औसतन ढाई सौ मरीजों के लगभग एक हजार टेस्ट करने मजबूर है। बताया गया कि जिला अस्पताल में लगभग एक साल पहले इंट्रीग्रेटेड पब्लिक हैल्थ लैबोरेटरी शुरू की गई है। आईपीएचएल के प्रावधानों के अनुसार इसमें जांच करने के लिए पैथालॉजिस्ट, एक माइक्रो बायोलाजिस्ट, एक बायोकेमिस्ट, 11 लैब टैक्निशियन एक डाटा एंट्री ऑपरेटर और 2 स्टॉफ सहित कुल 17 कर्मचारी होने चाहिये। कुछ समय पूर्व तक यहां 9 लैब टैक्निशियन पदस्थ थे, लेकिन एक-एक कर पांच लैब



टैक्निशियन का तबादला हो गया है। जिससे अब यहां चार लैब टैक्निशियन ही पदस्थ है। इनके द्वारा ही टेस्ट लगाए जा रहे है।

**110 जांचों का हुआ है अनुबंध :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला अस्पताल की आईपीएचएल लैबोरेटरी में 110 प्रकार की अलग-अलग जांच करने के लिए मशीने और रियेजेंट उपलब्ध करवाने का अनुबंध भी की पियोसिटी सांइस कंपनी को दिया है। कंपनी द्वारा वर्तमान में जिला अस्पताल में लगभग 80 प्रकार की जांचों की सुविधा और मशीने उपलब्ध करवाई है, वहीं लगभग 30 प्रकार की जांचों के लिए कंपनी द्वारा सेंपल भोपाल भेजे जा रहे है। कंपनी द्वारा मशीन ऑपरेट करने कर्मचारी भी तैनात किए गए है। बताया जा रहा है कि पियोसिटी साइंस भोपाल द्वारा मशीने ऑपरेट करने ऑपरेटर नियुक्त किए है।

> जिला अस्पताल में लैब टैक्निशियन के 10 पद ही है। वर्तमान में संविदा सहित 7 लैब टैक्निशियन है। अस्पताल में चिकित्सक, रेडियोलॉजिस्ट और लैब टैक्निशियन के रिक्त पदो की पूर्ति के लिए मांग की है। पियोसिटी साइंस के मशीन ऑपरेटर भी मूलतः लैब टैक्निशियन ही होते है, इसलिये मदद ली जा रही है।
> **- डॉ. जगदीश घोरे,** सिविल सर्जन, जिला अस्पताल, बैतूल

### एक के छुट्टी जाने पर होता है कार्य प्रभावित

जिला अस्पताल में रोजाना 800 से एक हजार के बीच मरीज उपचार कराने आते है। इन मरीजों को चिकित्सकों द्वारा आवश्यकतानुसार जांच लिखी जाती है। बताया जा रहा है कि ओपीडी में आने वाले मरीजों के साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों में से प्रतिदिन औसतन ढाई सौ मरीजों की लगभग एक हजार जांचे होती है। वर्तमान में पदस्थ 4 लैब टैक्निशियन में से दिन की दोनों शिफ्ट में 2-2 टैक्निशियन आ रहे है, जिनके ऊपर कार्य का अत्यधिक दबाव है। ऐसे में इन चारों में से किसी के छुट्टी पर जाने से कार्य प्रभावित हो जाता है। वहीं मरीजों को भी टैक्नीशियनों की कमी के कारण परेशान होना पड़ता है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन द्वारा समय-समय पर चिकित्सकों, लैब टैक्नीशियनों की कमी को लेकर पत्राचार किया जाता है, लेकिन खाली पदो की पूर्ति अभी तक नहीं हो पाई है।

### करीब दो साल से रेडियोलॉजिस्ट नहीं

जिला अस्पताल में करीब दो साल से रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर नहीं है। जो रेडियोलॉजिस्ट पदस्थ थे, वे दिसंबर 2023 में रिटायर हो चुके है, तब से लेकर वर्तमान तक नये रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि यहां शासन के निर्देशानुसार शिशु रोग विशेषज्ञों द्वारा गर्भवती महिलाओं की सोनाग्राफी हो जाती है, लेकिन सामान्य मरीजों को बाहर से सोनोग्राफी करनी पड़ती है। जिला अस्पताल में डॉक्टर जिन्हें पेट संबंधी परेशानी है, उन्हें सोनोग्राफी कराने की सलाह देते है, लेकिन जिला अस्पताल में डॉक्टर नहीं होने से मरीजों को शहर के प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटर जाना पड़ता है। जिसमें सबसे अधिक आर्थिक मार गरीब वर्ग के मरीजों पर पड़ती है। प्राइवेट में अल्ट्रासाउंड जांच के लिए 800 से 900 रुपए चुकाना होते हैं। यही सोनोग्राफी जिला अस्पताल में निःशुल्क हो जाती थी।

## एक नजर में

### ठेका मजदूर संघ की नई कार्यकारिणी का गठन

**पाथाखेड़ा।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध ठेका मजदूर संघ की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। आयोजित भव्य बैठक में रामनाथ यादव को अध्यक्ष एवं दीपक साहू को महामंत्री चुना गया। इस अवसर पर संगठन ने राष्ट्र हित, उद्योग हित और श्रमिक हित के मूल मंत्र को केंद्र में रखते हुए सशक्त आंदोलन का संकल्प लिया। विभाग प्रमुख विनय डोंगरे द्वारा घोषित कार्यकारिणी में अनुभवी नेतृत्व के साथ युवा जोश का संतुलन देखने को मिला। बैठक में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रमिकों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का करतल ध्वनि से स्वागत किया। मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ के उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राकेश नामदेव ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ठेका श्रमिकों के शोषण को अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन श्रमिकों के सम्मान, सुरक्षा, पीएफ, ईएसआई एवं अन्य वैधानिक अधिकारों के लिए निर्णायक संघर्ष करेगा। कार्यक्रम में महिला श्रमिकों की उल्लेखनीय भागीदारी और विभिन्न श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों की मौजूदगी ने संगठनात्मक एकता को मजबूती प्रदान की।

### तनाव कम करने आयोजित हुआ ध्यान

**मुलताई।** पुलिस कर्मचारियो में बढ़ रहे मानसिक तनाव को कम करने एवं शरीर को स्वस्थ्य बनाये रखने के लिए पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा द्वितीय विश्व ध्यान दिवस पर ध्यान दिवस कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके चलते नगर के थाना परिसर मे रविवार को ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे अनुविभागीय अधिकारी एसके सिंह, थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह परिहार, समस्त थाना स्टाफ, कोर्ट का पुलिस स्टाफ ने योगा एवं ध्यान कर हमेशा करने का संकल्प लिया।

### जेवर सहित 30 हजार रुपए नगद चोरी

**मुलताई।** नगर के ताप्ती वार्ड संतरा मंडी क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने अनिल भादे के मकान का ताला तोड़कर सोने के जेवर सहित 30 हजार रूपए नगदी की चोरी कर लिए। घटना की रिपोर्ट मकान मालिक अनिल द्वारा मुलताई थाने की है। अनिल द्वारा की गई शिकायत में बताया 21 दिसम्बर 2025 को वह शाम में करीब 6 अनिल अपने गांव खड़की गया हुआ था।

# बिजली कटौती से परेशान किसानों ने किया बिजली आफिस का घेराव

**मुलताई।** मासोद क्षेत्र मे हो रही अघोषित बिजली कटौती से परेशान किसानो ने सोमवार 11बजे ग्राम मासोद के विद्युत वितरण कार्यालय का घेराव कर मासोद डीसी के जेई को खरी खरी सुना दी।किसानो का कहना है कि बिजली कटौती से किसान परेशान है।रतजगा करने पर भी सिंचाई नहीं हो पा रही है। ग्रामों में बिजली कटौती से आमजन परेशान है,गांव में बिजली की अघोषित एवं अनियमित कटौती से आमजन जीवन ठप्प एवं जल जीवन योजना प्रभावित हो रही है। मासोद सब स्टेशन से जुड़े ग्राम मासोद, वायगाव, पोहर, साइखेड़ा खुर्द,





ढाना सहित अन्य ग्राम के किसान एवं ग्रामीण जन खेतो एवं गांव की अनियमित बिजली सप्लाई से परेशान होकर किसानो द्वारा मासोद विद्युत वितरण कार्यालय का घेराव कर जेई तुलसीराम सलाम कि ज्ञापण सौपा। किसानों का आरोप है कि उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है जब भी अधिकारियों से बात करो तो देख रहे हैं लोड सेटिंग है फॉल्ट है कह कर रटा रटाया जवाब देकर पल्ला झाड़ लेते हैं सिंचाई नहीं होने से खेतों की फसल पीली पड़ने लगी है जिससे फसल की ग्रोथ रुक गई है। ग्रामीण एवं किसानों ने साफ-साफ कह दिया कि गांव की बिजली कटौती एवं मोटर पंप खेतों की मोटर पंप की बिजली सप्लाई पूरी पूरी देना होगा एवं लो वोल्टेज की समस्या को तुरंत दूर करना होगा। जेई तुलसीराम सलाम ने 24 घंटे के भीतर समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान वायगाव,मासोद, पोहर, साईखेडा खुर्द के कृषक गुलाब गुलाब सिंह ठाकुर ,संतोष देशमुख ,प्रकाश माकोड़े, पवन ठाकुर, गुलाब खाड़े ,संजय पालीवाल, कृष्णा माथनकर, बाबूराव लोहार सुरेश अमरूते, हेमराज राठौर, उमेश सोनी, उमेश बमने, महादेव लाडे सहित कई किसान व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# अपमान और विदेश में हिंदुओं की हत्या पर उबाल

**मुलताई।** बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार पर महिलाओं के अपमान और राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए एआईएमआईएम पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम के रीडर को सौंपकर कड़ी कार्रवाई सहित इस्तीफे की मांग की।वहीं बांग्लादेश में हिंदू नागरिक की नृशंस हत्या के विरोध में भारत सरकार से कड़ा राजनयिक हस्तक्षेप करने की मांग भी की गई। ज्ञापन में आरोप लगाया की मुख्यमंत्री नितिश कुमार द्वारा एक सार्वजनिक सम्मान समारोह के



दौरान डॉ. नुसरत परवीन का हिजाब बिना अनुमति उतारना न केवल महिला सम्मान बल्कि धार्मिक मर्यादा पर सीधा प्रहार है। इस घटना से संबंधित महिला को सार्वजनिक रूप से अपमान और मानसिक पीड़ा झेलनी पड़ी, जिसे महिला गरिमा के विरुद्ध बताया गया।इसके साथ ही बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा गया कि नवादा जिले में कपड़ा व्यवसायी अतर हुसैन की भीड़ द्वारा की गई निर्मम हत्या इस बात का प्रमाण है कि राज्य में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

# फाइनेंस की बकाया राशि नहीं चुकाने पर कर्जदार को भेजा जेल

**मुलताई।** वाहन फाइनेंस की बकाया राशि अदा न करने पर मुलताई न्यायालय के प्रथम जिला न्यायाधीश संदीप कुमार पाटिल ने एक कर्जदार को सिविल जेल भेजने का आदेश पारित किया है। यह कार्रवाई श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड द्वारा दायर वसूली प्रकरण में की। श्रीराम फाइनेंस के अधिवक्ता संदीप भार्गव ने बताया श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड की मुलताई शाखा से प्रवीण परिहार पिता झनकलाल निवासी जौलखेड़ा ने वाहन फाइनेंस कराया था। फाइनेंस की किस्तें अदा न किए जाने से कुल 5 लाख 65 हजार रुपए की राशि बकाया हो गई। बार-बार नोटिस व मांग के बावजूद जब प्रवीण परिहार ने राशि नहीं चुकाई, तो कंपनी ने उनके विरुद्ध वसूली के लिए जिला एवं सत्र न्यायालय मुलताई में प्रकरण दायर किया। श्रीराम फाइनेंस के ब्रांच मैनेजर विशाल अतुलकर एवं कलेक्शन मैनेजर परितोष चंदात्रे ने बताया न्यायालय द्वारा प्रवीण परिहार को कई अवसर प्रदान किए गए जिससे वह बकाया राशि चुका सकें, लेकिन बार-बार चेतावनी के बाद भी वह अनुपस्थित रहे और न ही रकम जमा की। जिसके प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संदीप कुमार पाटिल ने उन्हें सिविल जेल भेजने का आदेश पारित किया।

# पीएमश्री स्कूल के बच्चों ने किया जंगल का भ्रमण

**सारनी।** वन विभाग द्वारा सोमवार को वृत्त पाथाखेड़ा बीट शोभापुर के कक्ष क्रमांक 341 में अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया। जिसका उद्देश्य स्कूली बच्चें को जंगल, नदियों, वन्यजीवों और जैवविविधता का प्रत्यक्ष अनुभव कराना है, ताकि अध्ययनरत बच्चों में वन, वन्यजीवों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित हो सके। अनुभूति कार्यक्रम के तहत पीएमश्री शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय शोभापुर के 126 छात्र, छात्राओं ने लाखा बंजारा के जंगल का भ्रमण किया और वन्यजीवों व पौधों के बारे में प्रत्यक्ष अनुभव किया। पहली बार जंगल को इतने



करीब से जानकर स्कूली बच्चों में वन और वन्यजीवों के प्रति उत्साह रहा। जंगल भ्रमण के दौरान स्कूली बच्चों ने पदचिन्हों से जंगली जानवरों की पहचान कैसे करते हैं, जैसे कई सवाल मास्टर ट्रेनर सेवानिवृत्त वन क्षेत्रपाल लखनलाल लोखंडे से किए। जिनके जवाब पाकर स्कूली बच्चों में खुशी का माहौल था। वन और वन्यजीवों का अनुभव करने वाले स्कूली बच्चों के बीच चित्रकला, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों ने वनभोजन किया। इसके बाद पुरस्कार वितरण से कार्यक्रम का समापन किया गया।

# भार्गव सभा मुलताई को राष्ट्रीय स्तर पर मिला प्रथम पुरस्कार

**मुलताई। पवित्र नगरी में भार्गव सभा की मुलताई इकाई को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।**

अखिल भारतीय भार्गव सभा के कार्यकारिणी सदस्य प्रशांत भार्गव एवं मुलताई भार्गव सभा के सचिव यश भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि उज्जैन में अखिल भारतीय सभा का 134 व अधिवेशन 20 दिसंबर से 22 दिसंबर के बीच आयोजित हुआ। जिसमें मुलताई भार्गव सभा को तृतीय वर्ग में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।इस अवसर पर अखिल भारतीय भार्गव सभा के अध्यक्ष अनिल भार्गव एवं सचिव संजय भार्गव द्वारा यह पुरस्कार मुलताई भार्गव सभा के अध्यक्ष संदीप भार्गव,सचिव यश भार्गव, कार्यकारिणी सदस्य प्रशांत भार्गव, मनोनीत सदस्य सौरभ भार्गव एवं राजेंद्र भार्गव,अभय भार्गव,हरि भार्गव,राजेश भार्गव को प्रदत्त किया गया।इस अवसर पर महिला भार्गव सभा की सदस्य पूनम भार्गव,निशु भार्गव,अंजलि भार्गव एवं पूनम भार्गव भी उपस्थिति रही। वही नगर की प्रांजल भार्गव को कक्षा 12वीं में 78 प्रतिशत अंक लाने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# कुंबी समाज संगठन के अध्यक्ष बने रामराव खाड़े

**सारनी।** कुनबी समाज संगठन के अध्यक्ष पद पर डॉ. रामराव खाडे सर्व सम्मति चुनें गए। रविवार को कुनबी समाज संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. ए मानकर ने की। इस मौके पर समिति के संरक्षक एनआर सराटकर, डॉ. एडब्लू सराटकर की उपस्थिति में समाज संगठन के पदाधिकारियों के चुनाव की प्रकिया सम्पन्न हुई। समाज संगठन के अध्यक्ष के चुनाव के बाद अन्य पदाधिकारी चुनें गए। संगठन के उपाध्यक्ष पद पर दिलीप झोड, राजकुमार साकरे, हेमराज, गीदकर, सचिव रघुनाथ चढोकर, सह सचिव नरेन्द्र



उघडे, कोषाध्यक्ष पीएन धोटे, उप कोषाध्यक्ष धनराज डांगे, मीडिया प्रभारी लीलाधर अडलक, युवा प्रकोष्ठ प्रभारी दर्वेश खाडे मनोनीत हुए है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. रामराव ने कहा कि समाज के लोगो ने मुझे अपना आशीर्वाद दिया है। मेरे द्वारा आगामी कार्यक्रमों एवं सामाज हित में संरक्षण के निर्णय लेने के लिए वचनबद्ध रहूंगा। डॉ. खाडे ने कहा कि जिले भर मे कुनबी समाज का अच्छा खासा वर्चस्व है। सभी लोगो से तालमेल करके संगठन को सक्रिय एवं मजबूत बनाने की दिशा मे कार्य करता रहुँगा।

# 380 करोड़ से ज्यादा के विकास कार्यों का होगा भूमिपूजन, लोकार्पण

**बैतूल।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज 23 दिसंबर को बैतूल मुख्यालय स्थित पुलिस ग्राउंड में पीपीपी मोड पर स्वीकृत मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया जाएगा। करीब 300 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला यह मेडिकल कॉलेज जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं की तस्वीर बदल देगा। मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास के साथ ही जिले को विकास की बड़ी सौगात भी मिलेगी। विभिन्न विभागों के अंतर्गत 26.76 करोड़ रुपए की लागत से 16 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा मेडिकल कॉलेज सहित 357.11 करोड़ रुपए की लागत से 122 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा व बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, भैंसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगाबाई उईके, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। पीपीपी मोड पर स्वीकृत मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार मंत्री जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का मंगलवार को दोपहर 2.40 बजे न्यू बैतूल स्कूल कोठी बाजार ग्राउंड स्थित हेलीपैड पर आगमन होगा। तत्पश्चात केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 2.45 बजे पुलिस ग्राउंड मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। इस दौरान मुख्य अतिथि दोपहर 2.45 से 2.50 तक विभागीय स्टाल एवं प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। दोपहर 2.50 से 2.55 बजे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा मंच पर आगमन, द्वीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण एवं कन्या पूजन होगा। अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। दोपहर 3 बजे से विधायक हेमंत खंडेलवाल का उद्बोधन तथा केंद्रीय राज्यमंत्री श्री उइके का उद्बोधन होगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन एवं विकास कार्यों का भूमि पूजन व लोकार्पण, मेडिकल कॉलेजों पर आधारित लघु फिल्म का अवलोकन होगा।

**आरोप** | बगैर जीपीएस एवं बिना किसी कागजी कार्यवाही के टिप्पर्स को मिल रही अनुमति

# पावर प्लांट की कोयला आपूर्ति में भारी गड़बड़ी हुई उजागर, प्रतिमाह लग रही करोड़ों की चपत

नवभारत न्यूज

**सारनी, 22 दिसंबर. मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के पावर हाउस में खराब कोयले की आपूर्ति की वजह से प्रतिमाह लाखो करोडो रुपयों की चपत लग रही है।**

मंडल सूत्रों ने अनुसार पावर प्लांट को कोल वाशरी से कोयला परिवहन करने वाले वाहनों जीपीएस सिस्टम एवं सीलिंग लगाने के निर्देश नहीं देने तथा सेम्पलिंग में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी उजागर हुई है, जिसके चलते मध्यप्रदेश जनरेटिंग कंपनी भारी नुकसान पहुंच रहा है। इतना ही नहीं पावर प्लांट को खराब कोयले की आपूर्ति पर रोक लगाने



एवं कोयले को वाश करके भेजने की जिम्मेदारी पावर प्लांट सारनी के रजीटेड अफिसर एस माथनकर को सौंपी है। कोल वाशरी नागपुर में पदस्थ विद्युत कर्मी ने वेकोलि प्रबंधन एवं कोल वाश का ठेका लेने वाली कंपनियों से सांठगांठ करके भारी गडबडी की है। आरोप है कि इसके एवज में विद्युत कर्मी को प्रतिमाह लाखों रुपयों की टिप मिलती है। मंडल सूत्रों ने बताया कि मध्यप्रदेश जनरेटिंग कंपनी को कोल वासरी एवं वणी खदान से घटिया एवं मिट्टीयुक्त कोयला आपूर्ति हो रही है। पावर प्लांटो को खराब कोयला सप्लाई के चलते प्रतिमाह लाखो करोडो की चपत लग रही है।

गौरतलब है कि कोल वॉशरी में भारी गडबड़ी की शिकायतों के बाद सीबीआई एवं बिजलेंस की टीम ने छापा मारकर भारी अनियमिताए पकड़ी है। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के थर्मल पावर प्लांट को घटिया कोयला सप्लाई करने वाली कोयला खदानो पर सीबीआई का छापा लगने के बाद केपीसीएल कर्नाटक एवं मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की टीमें पहुंची। सयुंक्त टीम ने महामाया कोल वाशरी एवं विमला रेलवे साइडिंग तडाली तथा पांड पौनी रेलवे साइडिंग पंहुच कर जांच पड़ताल की। संयुक्त टीम ने अपनी रिपोर्ट केपीसीएल के एमडी टेक्निकल को सोपी है।

**इन विभागों पर सीबीआई की नजर :** कोयले आपूर्ति में भारी गडगड़ी की चैन लंबी होने की वजह से कोल वाशरी संचालक, महाराष्ट्र जनरेटिंग कंपनी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, केपीसीएल, रेलवे एवं एमएस एमसी के अधिकारियों की आर्थिक साठ गांठ सामने आने पर सीबीआई की नजर बनी हुई है। सूत्रों का कहना है कि सीबीआई एवं बिजलेस कि टीम डब्लूसीएल पाथाखेड़ा एवं सतपुड़ा थर्मल पावर प्लांट में छापा मार सकती है।

### कोल वाशरी संचालकों में हड़कंप

बिजली कंपनियों को कोल वाश करके देने का ठेका सीसीइपीएल, महामाया, आरआईपीएल, एसीबी व हिन्दमहामिनरल को मिला है। इन कोल वाशरी के संचालक कोयला खदानो से आने वाले अच्छे कोयले को निजी कंपनियो एवं दूसरे राज्यों मे बेचकर लाखो करोडो रूपये का मुनाफा कमा रहे है। जबकि बिजली केंदो को खराब एवं मिट्टीयुक्त कोयला आपूर्ति लंबे समय से कर रहे है। इस गोरखधंधे में कई विभाग मिले हुए है, इसलिए सीबीआई की टीम जांच में जुटी है। सूत्रों की माने तो संजय मठानकर की नागपुर में पोस्टिंग एक सोची समझी साजिश का उद्देश्य है, ताकि वाशरी का कोयला खुले बाजार में आसानी से बेचा जा सके।

> सिंगाजी पावर प्लांट खंडवा को कोल वाशरी के जरिये कोयला मिल रहा है। जनरेटिंग कंपनी ने इस कार्य के लिए एक अधिकारी को नियुक्त किया है। कोयला खदानो से वाशरी अपरेटर के जरिये कोयला आता है। जिओ फेंसिंग, सीलिंग एवं जीपीएस के जरिये मांनरेटिंग होती है. कोयला वाश होकर नहीं आ रहा है, तो इस मामले को दिखवाता हूँ। वणी एरिया की कोल वाशरी एवं विमला साइडिंग मे सीबीआई के छापा मारने की जानकारी नहीं है।
> **श्री जुनेवाल,** चीफ इंजीनियर सिंगाजी पावर प्लांट खंडवा

### संतों के चरण ही नहीं आचरण को भी पकड़ें

**बैतूल।** गोकुल धाम कालापाठा में सोमवार को बबलु खुराना के निवास पर कलश यात्रा के साथ संगीतमय भागवत कथा प्रारंभ हुई। कथा का वाचन पंडित सुखदेव शर्मा के मुखारविंद से प्रतिदिन 2 बजे से 5 बजे तक कथा का वाचन किया जाएगा। कथा के पंडित सुखदेव शर्मा ने कथा में भक्ति, वैराग्य और नारद जी के उपदेश के साथ ब्रह्म कथा सुनाते हुए कहहा कि हम धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म ही हमारी रक्षा करेगा। हम ब्रह्म को छोडकर जगत में नाना प्रकार से भटक रहें हैं और लोगों को भटका रहें हैं। आज लोग गाय से ज्यादा दूध को और दुल्हन से ज्यादा दहेज को महत्व देते हैं। यज्ञ, संतो के वचन के आयोजन तो हो रहें हैं लेकिन संतों को तो मानते हैं परन्तु संतों के वचनों को नहीं मानते।